प्रेस नोट

दिनांक 11.06.2024

थाना राठ पुलिस द्वारा फायर करने वाले 04 शातिर अभियुक्त अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना राठ पुलिस द्वारा 04 व्यक्तियों को जलालपुर रोड एक्सप्रेस-वे राठ के पास से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये अभियुक्तों से 04 अदद तमंचा देशी नाजायज 315 बोर व 03 अदद जिन्दा कारतूस व 05 अदद खोखा कारतूस व जामा तलाशी से कुल 4900/- रुपये बरामद हुए थे।

ज्ञातव्य है कि दिनांक 08/06/2024 को समय करीब 8:45 बजे PRV 3916 को सूचना प्राप्त हुई कि प्रेमपाल राजपूत पुत्र दयाराम उम्र करीब 63 वर्ष निवासी अंबेडकर चौराहा कस्बा व थाना राठ जनपद हमीरपुर के घर के बगल में बने आत्मदर्शी टिंबर चुंगी हमीरपुर में 02 अज्ञात व्यक्ति, जो मुंह पर कपड़ा बांधे थे, देशी कट्टे से फायर कर भाग गए। फायर से किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है। प्रेमपाल राजपूत से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना राठ पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 251/2024 धारा - 307/506 आईपीसी बनाम 02 अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। वादी प्रेमपाल राजपूत के द्वारा बताया गया कि उनका एक व्यक्ति से प्लांट के संबंध में भी विवाद है। थाना राठ पुलिस द्वारा घटना के समस्त बिन्दुओं पर गहनता से जांच की जा रही है व मौके (घटनास्थल) पर लगे सीसीटीवी कैमरा चेक करने के पश्चात पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के निर्देशन में गठित पुलिस टीमों के द्वारा लगातार अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी।

अभियुक्तगणों से पूंछतांछ का विवरण-

घटना के संबंध में फायर करने वाले अभियुक्तगण निखिल व आशीष उर्फ अस्सू से कड़ाई से पूछताछ की गई तो बताया कि दिनांक 08.06.2024 को हम दोनों के द्वारा स्वतन्त्र राजपूत व मुमताज के कहने पर प्रेमपाल के घर के बगल बने, प्रेमपाल के टिंबर पर फायर किया गया। फायर करने के लिए हम लोगों को स्वतंत्र व मुमताज ने 15,000 रुपये देने को कहे थे, जिसमें से 10,000 रुपये हम लोगों को दे दिये थे, मिले पैसो को हम दोनो ने आपस में बांट लिये थे जिसमें से कुछ पैसे हम दोनों ने खर्च कर दिये। घटना के समय कुछ दूर पर स्वतन्त्र राजपूत व मुमताज खड़े थे। फायर करने के बाद हम चारों लोग मौके से भाग गये थे । जिसके संबंध में अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना राठ में पंजीकृत मु0अ0सं0 251/2024 धारा 307/506 भा0द0सं0 में बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर आपराधिक षंडयन्त्र करने, धारा 120बी भा0द0सं0 व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी कर, 04 अभियुक्तगणों को वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त

1.निखिल पुत्र स्व0 देवेन्द्र राजपूत उम्र करीब 21 वर्ष नि0 ग्राम चिल्ली थाना राठ हमीरपुर

2.आशीष उर्फ अस्सू पुत्र जयसिंह राजपूत उम्र करीब 22 वर्ष नि0 ग्राम चिल्ली राठ हमीरपुर

3.स्वतन्त्र राजपूत पुत्र रामेश्वर राजपूत उम्र करीब 27 वर्ष नि0 ग्राम चिल्ली थाना राठ हमीरपुर

4.मुमताज पुत्र रहीमबक्श उम्र करीब 28 वर्ष नि0 ग्राम कुर्रा थाना राठ हमीरपुर

बरामदगी

अभियुक्त निखिल पुत्र स्व0 देवेन्द्र राजपूत उपरोक्त से एक अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस व 01 अदद खोखा कारतूस व 2600/- रुपये, अभियुक्त आशीष उर्फ अस्सू पुत्र जय सिंह राजपूत से एक अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस व 01 अदद खोखा कारतूस व 2300/- रुपये, अभियुक्त स्वतन्त्र राजपूत पुत्र रामेश्वर राजपूत से एक अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद खोखा कारतूस, अभियुक्त मुमताज पुत्र रहीमबक्श उम्र करीब 28 वर्ष नि0 ग्राम कुर्रा थाना राठ जनपद हमीरपुर से एक अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस व 01 अदद खोखा कारतूस बरामद हु ।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.उ0नि0 विनेश गौतम

2.उ0नि0 यूटी सुरेन्द्र कुमार

3.का0 मनीष पाल

4.का0 विजय प्रताप यादव

5.का0 शिवम कुमार

आपराधिक इतिहास निखिल पुत्र देवेन्द्र राजपूत

1. मु0अ0सं0 177/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना राठ
2. मु0अ0सं0 30/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना राठ
3. मु0अ0सं0 109/2024 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना राठ
4. मु0अ0सं0 173/2023 धारा 323/504/506 भा0द0सं0 थाना राठ
5. मु0अ0सं0 637/2023 धारा 323/504/506 भा0द0सं0 थाना राठ

आपराधिक इतिहास आशीष उर्फ अस्सू पुत्र जयसिंह राजपूत

1.मु0अ0सं0 222/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना राठ

2.मु0अ0सं0 334/2023 धारा 411/494 भा0द0सं0 थाना राठ

आपराधिक इतिहास स्वतंत्र राजपूत पुत्र रामेश्वर राजपूत

1.मु0अ0सं0 57/2020 धारा 60 आब0 अधि0 थाना राठ

2.मु0अ0सं0 464/2023 धारा 147/148/149/427/504 भा0द0सं0 थाना राठ

3.मु0अ0सं0 571/2023 धारा 13 जुआ अधि0 थाना राठ

आपराधिक इतिहास मुमताज पुत्र रहीमबक्स

1.मु0अ0सं0 49/2021 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना जलालपुर

2.मु0अ0सं0 165/2020 धारा 394/120बी/411 भा0द0सं0 थाना जलालपुर

3.मु0अ0सं0 90/2024 धारा 147/323/54/506 भा0द0सं0 व 3(1)(द,ध), 3(2)va SC/ST ACT थाना राठ

4.मु0अ0सं0 214/2024 धारा 323/504/506 भा0द0सं0 थाना राठ

5.मु0अ0सं0 402/2023 धारा 147/148/149/34/427/504/506 भा0द0सं0 थाना राठ

6.मु0अ0सं0 464/2023 धारा 147/148/149/427/504 भा0द0सं0 थाना राठ